मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



वर्ष : ०९ अंक : २४-२५ मुंबई, शुक्रवार, २२ मार्च से ४ अप्रैल २०१९ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये

# उत्तर मुंबई लोकसभा सीट पर गोपाल शेट्टी के सामने उर्मिला मातोंडकर की चुनौती



**मुंबई :** कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद मुंबई पहुंची अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बीजेपी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के पिछले ५ साल के कार्यकाल में केवल घृणा और असहिष्णुता का माहौल रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के शासनकाल में फिल्मी सितारों को भी निशाना बनाया गया। उर्मिला ने कहा कि अब बातें करने में भी डर लगता है। गुरुवार को संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस नेता उर्मिला ने कहा कि देश अब भूतकाल में जाता दिखाई दे रहा है। मैं लोगों से अपील करूंगी कि वे दुष्प्रचार के पीछे अब न जाएं। बता दें कि

## कांग्रेस में शामिल हुई उर्मिला

फिल्मों के बाद राजनीति में नई पारी का आगाज करते हुए अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हुई थीं। उर्मिला कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला, प्रियंका चतुर्वेदी और मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष मिलिंद देवड़ा की मौजूदगी में कांग्रेस से जुड़ीं। कांग्रेस उर्मिला मातोंडकर को उत्तर मुंबई से लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। कांग्रेस में शामिल होकर उर्मिला ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया था। उन्होंने कहा, 'मेरा इतना तहे दिल से स्वागत के लिए शुक्रिया। मेरे लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है, क्योंकि मैं आज से सक्रिय राजनीति में उतरने जा रही हूं। मेरे परिवार की सोच महात्मा गांधी और सरदार पटेल की विचारधारा से जुड़ी हुई है। मैं हमेशा से कांग्रेस के सिद्धांत से जुड़ी रही हूं और लोगों की आवाज बनने के लिए राजनीति में आई हूं।' उन्होंने कहा, 'न मैं चुनाव के चलते आई हूं और न चुनाव के बाद जाने वाली हूं। कांग्रेस की विचारधारा से हमेशा से मुझसे जुड़ी हुई है और मैं हमेशा यहीं रहूंगी।' उर्मिला के मुंबई नॉर्थ सीट से चुनाव लड़ने की बात कही जा रही है, हालांकि कांग्रेस के नेताओं और उर्मिला की ओर से इसे लेकर अभी कोई भी बयान नहीं दिया गया है।

अगर उर्मिला मातोंडकर को उम्मीदवार बनाया जाता है तो उनका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद गोपाल शेट्टी से होगा। इस सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है। हालांकि बॉलिवुड अभिनेता गोविंदा ने वर्ष २००४ में पूर्व पेट्रोलियम मंत्री राम नाईक को यहां से पराजित किया था। नाईक इस समय उत्तर प्रदेश के राज्यपाल हैं।

नाईक को वर्ष २००९ में संजय निरूपम के हाथों फिर हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन साल २०१४ में मोदी लहर के दौरान गोपाल शेट्टी ने निरूपम को पराजित कर दिया।



बता दें कि मुंबई की ६ लोकसभा सीटों के लिए चौथे चरण में २९ अप्रैल को मतदान होगा, और इसी दिन राज्य की १७ अन्य सीटों के लिए भी वोट डाले जाएंगे। कांग्रेस में शामिल हो कर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने जा रहीं फ़िल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर का कहना है कि वह ग्लैमर के कारण नहीं बल्कि विचारधारा के कारण कांग्रेस में आई हैं। उर्मिला बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की मुंबई इकाई के अध्यक्ष मिलिंद देवड़ा और मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने उनको पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इसके बाद उर्मिला ने कहा, 'सक्रिय राजनीति में यह मेरा पहला क़दम है। मैं राजनीति में ग्लैमर के कारण नहीं आई हूं। मैं विचारधारा के कारण कांग्रेस में आई हूं। आज अभिव्यक्ति की आजादी पर सवाल खड़े हो गए हैं। बेरोजगारी काफी बढ़ गई है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व के बारे में उन्होंने कहा, ' देश को सबको साथ में ले कर चलने वाला नेता चाहिए,


# प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों पर मनपा ने कसी नकेल

## नीलामी के साथ-साथ जल कनेक्शन किया खंडित




**मुंबई :** बार-बार आगाह करने के बावजूद प्रॉपर्टी टैक्स न भरनेवाले बकाएदारों पर मनपा ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। करोड़ों रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया रखनेवाले बकाएदारों की करीब २७ प्रॉपर्टी पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। १३ प्रॉपर्टी को जहां जप्त किया जाएगा, वहीं ५ प्रॉपर्टी को नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जबकि प्रॉपर्टी का पानी कनेक्शन काट दिया गया है।बता दें कि जीएसटी लागू होने के बाद मनपा की आय का मुख्य स्रोत प्रॉपर्टी टैक्स है। करीब ५ हजार करोड़ रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने का लक्ष्य मनपा प्रशासन ने आर्थिक वर्ष २०१७-१८ में रखा था। इस लक्ष्य को पूरा करने में महज

प्रशासन के पास ५ दिन ही बचे हैं। ऐसे में प्रॉपर्टी टैक्स न भरनेवाले बकाएदारों पर प्रशासन ने कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। शुरुआत में प्रशासन ने कार्रवाई करने के ऐसी २७ प्रॉपर्टी की सूची तैयार की है, जिन पर करोड़ों रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। करीब १५ करोड़ रुपए से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाए वाला प्रॉपर्टी को नीलाम करने की तैयारी प्रशासन ने की है। नीलाम की जानेवाली सभी प्रॉपर्टी मनपा के प्रशासनिक 'के'-पश्चिम वॉर्ड अंधेरी की हैं। इसी तरह ३१ करोड़ से अधिक बकाएवाली ९ प्रॉपर्टी का पानी कनेक्शन काटा गया है जबकि ३८ करोड़ रुपए से अधिक बकाएवाली १३ प्रॉपर्टी को जप्त करने की प्रक्रिया शुरू की है, इनमें कॉमर्शियल से लेकर सरकारी प्रॉपर्टी का समावेश है।












## संपादकीय

# खतरे की दस्तक

यह खबर एक ही साथ डराने वाली भी है और परेशान करने वाली भी कि वेस्ट नाइल वायरस के संक्रमण से केरल में एक बच्चे की मौत हो गई। केरल में पिछले दिनों इस संक्रमण के कुछ मामले दर्ज हुए, मगर इसकी वजह से किसी की मौत की यह पहली खबर है। यहां इस बात पर ध्यान दिया जाना जरूरी है कि सिर्फ दस प्रतिशत मामलों में ही वेस्ट नाइल वायरस का संक्रमण किसी मरीज की मौत का कारण बनता है। अभी हम यह ठीक से नहीं जानते हैं कि केरल का यह मामला उन्हीं दस प्रतिशत में से एक था या फिर उस बच्चे की मौत का कारण ठीक से और समय रहते इलाज न हो पाना था। यहां हमें डेंगू के उदाहरण पर ध्यान देना चाहिए।



आमतौर पर डेंगू को ऐसा रोग नहीं माना जाता कि इसकी वजह से किसी की जान चली जाए। लेकिन भारत में यह ऐसे रोगों में ही गिना जाने लगा है। डेंगू से संक्रमित व्यक्ति के रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या काफी तेजी से कम होने लगती है। अगर संक्रमण को समय पर पहचान लिया जाए और रक्त में प्लेटलेट्स की कमी पूरी कर दी जाए, तो रोगी को बचाया जा सकता है। लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं के हर जगह पर सुलभ न हो पाने के कारण हमारे देश में यह रोग अक्सर जानलेवा साबित होता है। संभव है कि यह कारण न भी हो, लेकिन हमें स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ कराने के लिए सक्रिय तो होना ही होगा।

यहां डेंगू का जिक्र इसलिए भी जरूरी है कि वेस्ट नाइल वायरस डेंगू परिवार का ही वायरस है और उसी तरह मच्छरों से फैलता है। लेकिन वेस्ट नाइल वायरस का सबसे नजदीकी रिश्ता इंसेफ्लाइटिस से है, यानी उस रोग से, जिसकी वजह से पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों में हर साल कई बच्चों की जान चली जाती है। वेस्ट नाइल वायरस का फैलना इसलिए भी चिंता का कारण होना चाहिए। लेकिन यह खबर एक और कारण से परेशान करने वाली है। वेस्ट नाइल वायरस का संक्रमण एक पुराना रोग है, दुनिया के कई हिस्सों में यह पिछली एक सदी से भी ज्यादा समय से फैलता रहा है। लेकिन भारत इससे बचा रहा है।

साल 1952 में हुए एक शोध में पाया गया था कि भारतीयों के शरीर में इस वायरस से लड़ने वाली एंटीबॉडीज पहले से ही मौजूद हैं, इसलिए यह वायरस उनके शरीर को नुकसान नहीं पहुंचा पाता। लेकिन अब अगर यह वायरस नुकसान पहुंचा रहा है, तो इसके कारण पर शीघ्र ही शोध की जरूरत होगी। कारण कुछ भी हो सकता है। यह भी हो सकता है कि इस वायरस ने अपने रूप में ऐसा परिवर्तन या म्युटेशन कर लिया है कि हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली बेमतलब हो गई है, या फिर जिन लोगों को यह संक्रमण हुआ, उनमें यह प्रतिरक्षा तंत्र मौजूद नहीं था। इस मौके पर कुछ और चीजें हैं, जिन पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। मच्छरों से होने वाले संक्रमण पिछले कुछ समय में हमारे देश में बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं। यहां तक कि उस मलेरिया के मामले भी, जिसका एक समय में हमने उन्मूलन का दावा कर दिया था। मलेरिया उन्मूलन से अब तक के अनुभवों ने यह सिखा दिया है कि मच्छरों के खिलाफ लड़ाई कीटनाशकों के भरोसे नहीं जीती जा सकती। अच्छा तरीका वही पुराना है कि जगह-जगह पानी के जमाव को रोका जाए, ताकि मच्छरों को पनपने का मौका ही न मिले। मच्छरों से मुक्ति को स्वच्छ भारत मिशन जैसे कार्यक्रम में शामिल करने की जरूरत है।

# राकांपा छोड़ मोहिते पाटील भी चले भाजपा में

**मुंबई:** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में राजनीतिक असरदार रखने वाले 'मोहिते पाटील' परिवार के रणजीत सिंह मोहिते पाटील राकांपा छोड़ बुधवार को भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। रणजीत सिंह राकांपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय सिंह मोहिते पाटील के पुत्र हैं। उन्होंने मंगलवार को अकलूज में अपने हजारों समर्थकों के समक्ष ऐलान किया कि वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में वानखेडे स्टेडियम के गरवारे हॉल में दोपहर साढ़े बारह बजे भाजपा में शामिल होंगे। इसके साथ ही उन्होंने राकांपा के सभी पदों से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी। खबर है कि भाजपा ने उन्हें माढा से उम्मीदवारी देने का भरोसा दिया है। मंगलवार को दिल्ली से यह खबर उड़ी कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राधाकृष्ण विखे पाटील ने महाराष्ट्र विधानसभा के नेता विपक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। बाद में विखे पाटील ने इस खबर को निराधार बताया।

**आगे-आगे देखिए होता है क्याः फडणवीस**

रणजीत सिंह मोहिते पाटील के भाजपा में शामिल होने के ऐलान के बाद भाजपा के इलेक्शन वॉर रूम के उद्घाटन के मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि दूसरी पार्टियों के कई बड़े नेता भाजपा में आने के लिए कतार में हैं। उन्होंने कहा, आगे-आगे देखिए होता है क्या!



**भाजपा की बड़ी सफलता**

राकांपा के गढ़ माने जाने वाले पश्चिम महाराष्ट्र में भाजपा के लिए यह बड़ी सफलता मानी जा रही है।

इससे पहले अहमदनगर में डॉ. सुजय पाटील को भाजपा में शामिल करवा कर पार्टी कांग्रेस को बड़ा झटका दे चुकी है।

**पवार को बड़ा झटका**

रणजीत सिंह मोहिते पाटील के पिता विजय सिंह २०१४ की मोदी लहर के बावजूद राकांपा के टिकट पर माढा से चुनाव जीते थे। हाल ही में जब शरद पवार ने माढा से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी, तो वह पवार के लिए यह सीट छोड़ने को राजी हो गए थे। लेकिन पवार के पीछे हटने के बाद भी माढा सीट से उनकी उम्मीदवारी का ऐलान न होने और पूर्व आईएएस अफसर प्रभाकर देशमुख का नाम आगे किए जाने से मोहिते पाटील परिवार राकांपा से नाराज चल रहा है।

मोहिते पाटील परिवार की यह नाराजगी राकांपा और शरद पवार के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है।

# सीएसटी हादसाः हर साल होगा ब्रिजों का ऑडिट

**मुंबई :** सीएसटी ब्रिज हादसे के बाद बीएमसी प्रशासन हर ब्रिज की साल में कम से कम एक बार ऑडिट करने का विचार कर रहा है। इसकी पुष्टि बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी ने की। दरअसल, ब्रिजों की देखरेख के लिए ब्रिज इन्सपेक्शन अथॉरिटी का गठन किया जा रहा है, जिसके मुखिया चीफ ब्रिज इंस्पेक्टर होंगे। यह ऑडिट के बाद फिटनेस सर्टिफिकेट की तर्ज पर ही यह अथॉरिटी एक सर्टिफिकेट जारी करेगी। जरूरत पड़ने पर ब्रिजों का हर तीन महीने में भी ऑडिट होगा। अधिकारी ने बताया कि यदि तीन-तीन महीने पर ऑडिट होगा तो उनकी बेहद विस्तृत ऑडिट संभव नहीं होगा। पिछले हफ्ते हो गई थी ६ लोगों की मौत बता दें कि गत गुरुवार को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से जुड़े ब्रिज का हिस्सा गिरने से ६ लोगों की मौत हो गई थी। ३४ लोग घायल भी हुए थे। हादसे के बाद ब्रिज के मलबे में कई लोग दब गए और यहां मौजूद कुछ वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों को ५ लाख रुपये और घायलों को ५० हजार रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया था।

मुंबई में पिछले हफ्ते छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से जुड़े फुटओवर ब्रिज के गिरने के बाद सेंट्रल रेलवे हरकत में आ गया है। सेंट्रल रेलवे ने पांच खतरनाक फुटओवर ब्रिजों को डेडलाइन से करीब दो महीने पहले ही ध्वस्त करने का फैसला लिया है। जर्जर हो चुके इन पैदल पुलों को पहले ३० जून तक ढहाया जाना था पर अब इन्हें ३० अप्रैल तक हर हाल में गिरा दिया जाएगा। आईआईटी बॉम्बे के विशेषज्ञों द्वारा इस संबंध में सिफारिश किए जाने के बाद अधिकारियों ने यह कदम उठाया है।

# बीएसपी सुप्रीमो मायावती का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान

**लखनऊ :** लोकसभा चुनाव की तेज होती सियासी रस्साकशी के बीच बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की अध्यक्ष मायावती ने बड़ा ऐलान किया है। लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मायावती ने कहा कि वह इस बार का लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगी। माया ने बीजेपी पर इस दौरान निशाना भी साधा।



मीडिया से बात करते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने कहा, 'मैं जब चाहूं लोकसभा का चुनाव जीत सकती हूं। हमारा गठबंधन बेहतर स्थिति में है। मैं लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ूंगी। आगे जरूरत पड़ने पर किसी भी सीट से चुनाव लड़ सकती हूं।' इससे पहले मायावती के नगीना लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा थी। मायावती ने इस दौरान कहा कि मौजूदा हालात के अलावा पार्टी और जनहित को देखते हुए उन्होंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। माया ने कहा, 'आगे जहां से चाहूं सीट खाली कराकर चुनाव लड़कर संसद जा सकती हूं। मेरे चुनाव लड़ने पर कार्यकर्ता मना करने के बावजूद मेरी लोकसभा सीट पर प्रचार करने जाएंगे, इससे बाकी सीटों पर चुनाव प्रभावित होगा। मैंने इसी वजह से यह फैसला लिया है।'

# शिवसेना और भाजपा ने भले ही गठबंधन कर लिया है, लेकिन ठाणे के भाजपा नगरसेवक, शिवसेना के विरोध में

ठाणे : शिवसेना और भाजपा ने भले ही गठबंधन कर लिया है, लेकिन ठाणे में दोनों के बीच खींचतान जारी है। भाजपा के नगरसेवक मिलिंद पाटणकर की फेस बुक पोस्ट इसका ताजा सबूत है।

बता दें कि गठबंधन के सीट बंटवारे में ठाणे की लोकसभा सीट शिवसेना के पास है। यहां के वर्तमान सांसद राजन विचारे एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं। उनका मुकाबला राकांपा के शहर अध्यक्ष और पूर्व सांसद आनंद परांजपे से है। परांजपे ने इंजिनियरिंग और एमबीए किया है। दूसरी तरफ राजन विचारे बारहवीं तक पढ़े हैं। राकांपा के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने मतदाताओं से प्रश्न करते हुए एक बैनर शहर में लगवाया है। बैनर के जरिये आव्हाड ने लोगों से पूछा है कि ठाणे का सांसद कैसा हो, उच्च शिक्षित या अल्प शिक्षित तथा संसद में बोलने वाला चाहिए या मौन रहने वाला।

आव्हाड द्वारा लगाए गए बैनर पर टैग करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नगरसेवक मिलिंद पाटणकर ने फेस बुक पर लोगों से उनका वोट शिक्षित उम्मीदवार को देने का आह्वान किया है। पाटणकर ने लिखा है कि किसी भी जनप्रतिनिधि को शिक्षित होना चाहिए। पाटणकर ने लोगों से अपील की है कि वे लोकसभा चुनाव में राम भाऊ म्हालगी, राम कापसे और प्रकाश परांजपे के समकक्ष व्यक्ति को ही अपना वोट दें। पाटणकर ने विचारे पर अप्रत्यक्ष प्रहार करते हुए यह भी कहा है कि मनपा और एमएमआरडीए के कामों का खुद श्रेय लेने वाला सांसद और विधायक भी ठाणे को नहीं चाहिए।

उल्लेखनीय है कि भाजपा के २७ नगरसेवक हाल ही में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर ठाणे सीट भाजपा के कब्जे में लेने की मांग कर चुके हैं। इसके बाद विचारे ने भाजपा विरोधियों को मात देने के लिए जोर लगाया, जिसके चलते भाजपा के दो नगरसेवकों की सदस्यता रद्द होने का खतरा बन गया था, जिसमें से अशोक राउल की सदस्यता रद्द हो गई है। इससे भाजपा खेमे में विचारे के प्रति नाराजगी बढ़ गई है। भाजपा नगरसेवकों ने तय किया है कि वह चुनाव में विचारे का सहयोग नहीं करेंगे।

# 2 बीवियों को 'खुश' रखने के लिए छापे 5 लाख के नकली नोट, गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने एक स्क्रिप्टराइटर को कथित रूप से जाली नोट छापने और करीब १५ लाख रुपये मार्केट में जारी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि उसकी दो बीवियां हैं जिनके गुजारा भत्ता और उन्हें खुश रखने के लिए उसने ऐसा किया। मुंबई के बोरिवली स्थित एसवी रोड में पुलिस ने आरोपी देव कुमार रामरतन पटेल (३७) को रंगे-हाथ पकड़कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी उस समय बैग के साथ संदिग्ध रूप से घूम रहा था। उसके बैग की जांच करने के बाद जाली नोट सामने आए। पुलिस ने बताया कि आरोपी रामरतन पटेल कई टीवी सीरियल की स्क्रिप्ट लिख चुका है जिसमें ईश्वर एक अपराध भी शामिल है।

पुलिस ने आरोपी के नालासोपारा घर में छानबीन की जहां से ५ लाख रुपये के नकली नोट मिले। इसमें २ हजार, पांच सौ और २०० के जाली नोट थे। पुलिस ने आरोपी के घर से एक कंप्यूटर, स्कैनर और प्रिंटर भी जब्त किया जिससे नकली नोट बनाने और छापने का काम होता था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि स्क्रिप्टराइटिंग से उसकी अधिक कमाई नहीं हो पाती थी।

वरिष्ठ इंस्पेक्टर महेश देसाई ने बताया, 'उसने कहा शहरों में नकली नोट जारी करना आसान नहीं है इसलिए उसने मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में इसे सर्कुलेट किया।' आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसकी दो पत्नियां है और उनका ध्यान रखना और खर्चे उठाना मुश्किल है। उसकी एक पत्नी मॉडल और दूसरी हाउसवाइफ है।

# ड्रेनेज चेंबर में उतरे २ किसानों की दम घुटने से मौत, ४ बेहोश जबकि १ का अब तक सुराग नहीं

**महाराष्ट्रः** महाराष्ट्र के औरंगाबाद में शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक ड्रेनेज चेंबर में उतरे दो किसानों की दम घुटने से मौत हो गई। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने चार किसानों को बचा लिया जबकि एक किसान का अब तक पता नहीं चल पाया है। साझे में खेती करने वाले इन किसानों ने फसलों की सिंचाई के लिए ड्रेनेज चेंबर में इलेक्ट्रिक मोटर लगाया था। जानकारी के मुताबिक, किसान जनार्दन साबले (५५) इलेक्ट्रिक मोटर में आई खराबी को चेक करने के लिए सबसे पहले ड्रेनेज चेंबर में उतरे। जब काफी देर तक जर्नादन चेंबर से बाहर नहीं निकले तो बाहर खड़े उनके रिश्तेदारों ने उन्हें आवाज दिया। कोई जवाब न पाकर छह अन्य किसान रामकिशन माने (४७), उमेश कावड़े (४०), दिनेश दाराके (३७), नवनाथ कावड़े (४०), प्रकाश वाघमारे (५५) और रमेश्वर दांबे (२७) जनार्दन को ढूंढने के लिए चेंबर में उतरे। थोड़ी ही देर के बाद चेंबर में मौजूद जहरीली गैस की वजह से सभी किसानों को सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी।



**बेहोश किसानों का चल रहा इलाज**

किसानों की हालत देखकर चेंबर के बाहर खड़े गांववालों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेडकर्मियों ने बेहोशी की हालत में सभी किसानों को चेंबर से बाहर निकाला। हालांकि एक किसान रमेश्वर दांबे का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। उनकी तलाश जारी है।

जनार्दन साबले और दिनेश दाराके की हालत ज्यादा गंभीर देखते हुए उन्हें गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उन्हें मृत लाया घोषित कर दिया गया। अन्य किसानों का प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

**तोड़ी जा रही ड्रेनेज की पाइप**

फायर ब्रिगेड के अफसर मोहन मुंगसे ने बताया कि वे लोग ड्रेनेज की पाइप तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, शायद वहां लापता किसान फंसा हुआ हो। पीड़ित एक किसान के पुत्र ने बताया कि साझे में खेती करने वाले ये किसान अक्सर इलेक्ट्रिक मोटर चेक करने के लिए ड्रेनेज चेंबर में उतरते रहे हैं। इससे पहले यहां कभी इस तरह का हादसा नहीं हुआ।

# मोदी की 'अश्लील' तस्वीर पोस्ट करने पर मामला दर्ज

**वसईः** तुलिंज पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एडिट की हुई अश्लील तस्वीर फेसबुक पर पोस्ट करने पर मामला दर्ज किया है। इस मामलें में शिकायतकर्ता राजेश पाल ने बताया कि १७ मार्च की सुबह जब वो फेसबुक देख रहे थे तब उन्होंने साबिर नामक आईडी पर एडिट की हुई प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर देखी। राजेश ने बताया कि साबिर ने मो. आसिफ, अवेकन इंडिया और आमीन लाघिरी नामक आईडी पर प्रधानमंत्री की एडिटेड अश्लील तस्वीरों को शेयर किया था। पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा ६७ के तहत मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी डेनियल बेन ने बताया कि फिलहाल इस मामलें में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# बहुमत नहीं, पर केंद्र में कांग्रेस सरकार: चव्हाण

**मुंबई :** महराष्ट्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने मंगलवार को दावा किया कि उनकी कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनावों में बहुमत हासिल नहीं होगा, लेकिन केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को हटाकर कांग्रेस के नेतृत्व में ही अगली सरकार बनेगी। दलित नेता प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाडी के विपक्षी दलों के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ने के फैसले से अंतत: एनडीए को फायदा होगा। कांग्रेस और राकांपा इस कोशिश में जुटे हैं कि महाराष्ट्र में वंचित बहुजन आघाडी विपक्षी मोर्चे में शामिल हो जाए। चव्हाण ने कहा कि २०१४ से पहले ३० सालों में किसी पार्टी को २७० सीटें नहीं मिलीं। क्या नरेंद्र मोदी अब भाजपा को बहुमत मिलने का दावा कर रहे हैं/


## आवश्यकता है

**मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :**

**संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९**

**Email :**

## Advertisment Rates

**Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)**

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**

5 Year - 1000 Life time - 3000

Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



**प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ :** बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी

**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,

**मो.** 9821287905, 9322248353-9167009629

**Email : metrodinank@gmail.com**

**Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009**

**नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें**

## होली में हुआ था झगड़ा, गर्म तारकोल में डालकर कर दी हत्या

**हरियाणा** के जींद से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है. जिसमें एक व्यक्ति को गर्म तारकोल के टैंक में डालकर उसकी हत्या कर दी. मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रोहतक पीजीआई भेजा है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताब?कि, जींद जिले के गांव कालवा में २१ मार्च को होली के दिन दो पक्षों के बीच आपसी झगड़ा हुआ था. इस लड़ाई के बाद से ही धर्मपाल नाम का शख्स लापता था.

मामले में जांच करने पर पता चला कि धर्मपाल को बादल के खेत में बनी गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी की तारकोल फैक्ट्री में तारकोल टैंक में डाल दिया गया था.

पुलिस डीएसपी कप्तान सिंह ने बताया कि २१ मार्च को धर्मपाल उर्फ पाला और जितेंद्र के गुटों में झगड़ा हुआ था. उसके बाद आरोपियों ने धर्मपाल को मारकर गावर कंट्रक्शन कंपनी कालवा के तारकोल के टैंक में डाल दिया. उन्होंने बताया कि आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी.

बता दें कि होली के मौके पर देश के कई हिस्सों से हिंसा की खबरें सामने आई हैं. जिसमें यूपी और बिहार में तीन लोगों की हत्या कर दी गई. वहीं, यूपी के मथुरा जिले में होली के मौके पर विवाद को लेकर पुलिस के एक सिपाही ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी. उधर, बिहार में कैमूर जिले में भी युवक को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया. ऐसे ही गया जिले में एक ६० साल के शख्स की हत्या कर उसकी लाश जलती होली में फेंक दी गई.

## दो बच्चों संग तीसरी मंजिल से कूदी महिला, मासूमों की मौत

पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मीनगर में सोमवार रात पति से झगड़े के बाद महिला अपने दो बच्चों के साथ तीसरी मंजिल से नीचे कूद गई। दोनों बच्चों की मौत हो गई। उनकी पहचान सात वर्षीय महक और तीन वर्षीय आफरान के रूप में हुई है। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस पति से पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार ३६ वर्षीय मुनव्वर लक्ष्मी नगर के ललित पार्क एन-ब्लॉक में तीसरी मंजिल पर रहते हैं। उनका पुरानी दिल्ली में स्पेयर पार्ट्स का कारोबार है। करीब १२ साल मुनव्वर की शादी ३४ वर्षीय आलिया से हुई थी। इनके दो बच्चे महक और आफरान थे। सोमवार शाम को मुनव्वर घर लौटे तो बच्चे खेल रहे थे। किसी बात को लेकर उनकी पत्नी से कहासुनी हो गई। बाद में वह शांत हो गए, लेकिन आलिया का गुस्सा शांत नहीं हुआ। रात करीब ८:५० बजे आलिया महक और आफरान को लेकर छत पर पहुंच गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उसने दोनों बच्चों को धक्का देने के साथ खुद भी छलांग लगा दी। आफरान तीसरी मंजिल की छत से नीचे भूतल पर गिरी, जबकि मां और बेटी दूसरी मंजिल की बालकनी में गिरे। पड़ोसियों ने शोर मचाया तो मुनव्वर भी बाहर निकलकर भूतल पर पहुंचे। आफरान खून से लथपथ था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी और बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां महक को मृत घोषित कर दिया गया। आलिया की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस पति और पड़ोसियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला के बयान के बाद आगे की करवाई की जाएगी।

## ISI के लिए जासूसी करने वाला गिरफ्तार, १८ साल में १७ बार जा चुका है पाकिस्तान

दिल्ली के एक व्यक्ति को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए कथित तौर पर काम करने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किया गया।

अतिरिक्त महानिदेशक (खुफिया) उमेश मिश्रा के अनुसार गिरफ्तार मोहम्मद परवेज (४२) दिल्ली का रहने वाला है। उसे यहां की एक अदालत में पेश किया गया। उसे चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि आरोपी ने शुरुआती पूछताछ में बताया कि वह पाकिस्तान में आईएसआई के लोगों से संपर्क में था और बीते १८ साल में १७ बाजार पाकिस्तान जा चुका है।

आईएसआई उसे जरूरी खुफिया जानकारी जुटाने के लिए सभी तरह का सहयोग कर रही थी। मिश्रा के अनुसार, परवेज लोगों को पाकिस्तानी दूतावास से जल्द वीजा दिलाने के लिए पासपोर्ट व फोटो लेता था और इनके आधार पर सिम खरीद लेता था। आरोपी ने रणनीतिक महत्व की जानकारी पाने के लिए फर्जी पहचान से सेना के जवानों को भी हनीट्रेप में फंसाया। अधिकारी के अनुसार परवेज को एनआईए ने भी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसे वारंट पर यहां पूछताछ के लिए लाया गया है।


### प्रपत्र
### (नियम ८ देखिए)

**'मेट्रो दिनांक'** मुंबई, नाम पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण, जिसका प्रकाशन प्रति वर्ष फरवरी के अंतिम दिन के बाद प्रथम अंक में आवश्यक है।

१) प्रकाशन का स्थान : जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-९७
२) प्रकाशन की अवधि : साप्ताहिक
३) मुद्रक का नाम : **मंजू दीनानाथ तिवारी**
राष्ट्रीयता : भारतीय
पता : सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, ३-४, अमिन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नंबर २, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के नजदीक, गोरेगांव (पू.), मुंबई-४०००६३
४) प्रकाशक का नाम : **मंजू दीनानाथ तिवारी**
राष्ट्रीयता : भारतीय
पता : जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-९७
५) संपादक का नाम : **दीनानाथ एम. तिवारी**
राष्ट्रीयता : भारतीय
पता : जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-९७
६) उन व्यक्तियों के नाम और पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं तथा २२-०३-२०१९ को चुकता पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक साझेदार या अंशधारक है : कोई नहीं

मैं, **मंजू दीनानाथ तिवारी** घोषित करती हूँ कि मेरी जानकारी और विश्वास के मुताबिक ऊपर लिखित विवरण सही है.

ह/-
....

**तारीख :** २२-०३-२०१९ **प्रकाशक के हस्ताक्षर**


## छात्रा के परिजनों ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत, केस दर्ज कर आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने एक छात्रा का लगातार पीछा करने और सार्वजनिक जगह पर उसे जबरदस्ती किस करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पवई निवासी वसीम शेख के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित छात्रा और आरोपी युवक दोनों एक ही कॉलोनी में रहते हैं। पीड़िता के परिजनों ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपी पिछले कई दिनों से छात्रा को परेशान कर रहा था।

**ट्यूशन से लौटते समय किया किस**

पुलिस के मुताबिक, छात्रा की तरफ से बार-बार उसे नजरअंदाज किए जाने के बावजूद वह उसके (पीड़िता) आसपास घूमता रहा। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि रविवार को जब वह ट्यूशन से घर आ रही थी, विक्रोली रेलवे स्टेशन पर आरोपी ने हाथ पकड़कर उसे पीछे खींच लिया और सबके सामने जबरदस्ती छात्रा को किस किया।

**परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पीड़िता ने अपने परिजनों को यह आपबीती बताई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक आरोपी शेख ड्राइवर है। अधिकारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत के बाद केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पत्नी ने नाश्ता-चाय देने से किया इनकार तो पति ने उतारा मौत के घाट

**कोल्हापुर :** महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में एक ४९ साल के व्यक्ति ने अपनी ३८ साल की पत्नी की हत्या कर दी. हत्या का कारण जानकर कोई भी हैरान हो सकता है.



पति ने गुस्से में सिर्फ इसलिए अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया क्योंकि उसने चाय और नाश्ता तैयार करने से मना कर दिया था. पुलिस ने इस बात की जानकारी दी है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी रमेश गायकवाड़ ने नायलोन की रस्सी से अपनी पत्नी मंगल की गला घोंटकर हत्या कर दी. उसने शनिवार की शाम को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. यहां से करीब ३९० किलोमीटर दूर शिरोल तहसील में कुरूंदवाड में यह घटना हुई. अधिकारी ने बताया कि गायकवाड़ और मंगल छोटी छोटी बात को लेकर झगड़ा करते थे. शनिवार को बात उस वक्त बिगड़ गयी जब उसने पत्नी से नाश्ता बनाने को कहा क्योंकि उसका व्रत था और बाद में शाम को चाय बनाने को कहा.

लेकिन मंगल ने चाय बनाने से इंकार कर दिया और अपने पति के साथ बहस की. उसके बाद वह अपना सामान उठाकर अपने मायके के लिए निकल गई. मंगल बस स्टाप पर खड़ी बस का इंतजार कर रही थी कि उसी समय गायकवाड़ वहां पहुंच गया और उससे घर लौटने को कहा. पुलिस के अनुसार, मंगल ने गायकवाड़ को भला बुरा कहा जिस पर गुस्से में आकर गायकवाड़ ने नायलोन की रस्सी से उसका गला घोंट दिया.

## उत्तर भारतीय कार्यकर्ता मिलन समारोह में अखिलेश तिवारी का यूपीए सरकार पर पलटवार

**मुंबई-** गोरेगांव पूर्व स्थित उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र में उत्तर भारतीय कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां शिवसेना के उम्मीदवार गजानन कीर्तिकर के नेतृत्व में दिंडोशी विधानसभा के विधायक सुनील प्रभू, शिवसेना के नगरसेवकों के अलावा विभाग अध्यक्ष तथा उत्तर पश्चिम लोकसभा के सभी वरिष्ठ शिवसैनिक कार्यकर्ताओं ने उत्तर भारतीय कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल होकर अपने अपने विचार व्यक्त किये वही शिवसेना के राष्ट्रीय संघठक अशोक तिवारी तथा अखिलेश तिवारी ने उक्त मंच का आयोजन किया जहां सैकड़ों शिवसैनिकों ने गजानन



कीर्तिकर के पक्ष में अपने अपने विचार व्यक्त किये।वही शिवसेना के राष्ट्रीय संगठक अखिलेश तिवारी ने अपने भाषण में यूपीए सरकार पर पलटवार करते हुये उनके कार्यकाल में जातिवाद धर्मवाद और भ्रष्टाचार, आतंकवाद पर टिप्पणी की यही नही उन्होंने वर्तमान सरकार में आतंकवाद पर हमला और विकास पर जो जोर दिया जिससे पूरा मंच जय महाराष्ट्र से गुंजयमान हो गया।अखिलेश तिवारी ने उत्तर भारतीय समाज से शिवसेना के साथ जुड़कर देश आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का आह्वान किया क्योंकि केंद्र में मोदी सरकार को रखने का मतलब हिंदुत्व को बरकरार रखना है तो शिवसेना और भाजपा के साथ रहना ही पड़ेगा यूपीए सरकार को इतना मौका दिया लेकिन उन्होंने जातिवाद धर्मवाद आतंकवाद को बढ़ावा दिया जबकि देश की सबसे बड़ी महानगर पालिका बीएमसी में शिवसेना की सरकार है।और किसी प्रकार से मुंबईकरों की समस्याओं को सुलझाने का काम शिवसैनिकों ने किया है और आगे भी करते रहेंगे अब केंद्र में मोदी सरकार को रखना है तो लोकसभा में शिवसेना के उम्मीदवार गजानन कीर्तिकर जैसे व्यक्ति को लोकसभा में भेजना पड़ेगा।गौरतलब है की देश भर में लोकसभा चुनाव होना है ऐसे में अनेक पार्टियों के उम्मीदवार के लिये सभाएं की जा रही है।

ऐसे ही गोरेगांव पूर्व में उत्तर पश्चिम लोकसभा उम्मीदवार शिवसेना नेता गजानन कीर्तिकर के नेतृत्व में शिवसैनिकों का उत्तर भारतीय कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन २६ मार्च को संपन्न हुआ ।काय?क्रम का सुत्रसंचालन बाबुमातिबर सिंह ने किया काय?क्रम में आये सभी मान्यवरो का आभार प्रकट किया

## ५ साल तक लिव इन पार्टनर से करता रहा रेप, शादी की बात पर किया ये काम

**नोएडा :** एक युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से पांच महीने तक दुष्कर्म किया। जब युवती ने उससे शादी करने की बात कही तो आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गया। इस संबंध में युवती ने नोएडा के सेक्टर-४९ थाने में शिकायत दी है।



पुलिस को दी शिकायत में मूलरूप से उत्तराखंड के नैनीताल निवासी पीड़िता ने बताया कि वह किराए पर सेक्टर-५१ में रहती है। युवती ने बताया कि वह सेक्टर ६५ स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करती है। युवती ने बताया कि उसकी पहचान कुछ समय पहले नैनीताल के ही विनोद नाम के युवक से हुई थी। कुछ दिन बाद जान पहचान बढ़ने पर दोनों लिव इन में रहने लगे। आरोप है कि युवक ने उसे शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। आरोपी पांच साल तक युवती को झांसा देता रहा। जब युवती ने उससे शादी करने की बात कही तो वह टालमटोल कर गया। इसके बाद २४ मार्च को भी युवती ने उससे शादी की बात कही। इस पर आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया और उसे छोड़कर फरार हो गया। फरार होने के बाद से ही युवक का मोबाइल नंबर बंद है। आरोपी सूरजपुर की एक कंपनी में काम करता है। वहां भी युवती ने उसके बारे में पता किया तो कुछ जानकारी नहीं मिली।

## किशोरी को अगवा कर गैंगरेप का प्रयास

**जेवर।** एक गांव की १३ वर्षीय किशोरी को गांव के चार युवकों ने अगवा करके सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। खोजबीन से घबराए आरोपियों ने किशोरी को भगा दिया। परिजनों ने किशोरी के साथ मंगलवार को कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने बताया कि सोमवार को नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरी गांव के बाहर बाडे़ से पशुओं को लेने गई थी, उसी दौरान गांव के चार युवकों ने उसको अगवा कर लिया और एक कमरे में बंद कर दिया। परिजनों ने बताया कि किशोरी



काफी समय तक जब घर नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। शक होने पर जब पीड़ित पास के एक घर में पहुंचा तो आरोपियों ने उसे वहां भाग जाने के लिए कहा। किशोरी ने बताया कि कमरे बंद करने के बाद आरोपियों ने उसके कपडे़ फाड़ दिये तथा उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया।

## मुख्यमंत्री फडणवीस के घर के पते पर लिया बीयर बार!

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सरकारी निवास 'वर्षा' के पते पर बीयर बार का लाइसेंस लेने का मामला सामने आया है। इसके साथ ही बृहन्मुंबई महानगर पालिका कमिश्नर के पालिका मुख्यालय कार्यालय के पते पर हुक्का पार्लर का लाइसेंस लेने वालों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया जा रहा है। पुलिस इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की तफ्तीश में जुटी है। बता दें कि किसी व्यक्ति ने मुख्यमंत्री के 'वर्षा' बंगले के पते पर बीयर बार और बीएमसी कमिश्नर कार्यालय के पते पर हुक्का पार्लर का ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट ले लिया। बीएमसी द्वारा बिजनेस करने में आसानी के उद्देश्य से स्वत: घोषित जानकारी के आधार पर ही सर्टिफिकेट जारी करती है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनस प्रक्रिया का दुरुपयोग कर गलत जानकारी भरने वाले पर कानून के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। बीएमसी उसी नियम में अब कार्रवाई की तैयारी कर रही है। इससे पहले इसी प्रणाली का दुरुपयोग कर मुंबई हाई कोर्ट के चेंबर में बकरी ईद के समय बकरा काटने का लाइसेंस लिया गया था, जिसके बाद इस प्रणाली के दुरुपयोग पर काफी किरकिरी हुई थी।

## ट्रेनों में महिलाओं के सीरियल किलर का खौफ, ४०-४२ साल की दो महिलाओं की हो चुकी है हत्या




**मुंबई :** पश्चिम रेलवे के मुंबई डिविजन में चार महीने में दूसरी बार एक पैसेंजर ट्रेन में महिला की नग्न अवस्था में लाश मिली है। दोनों ही मामलों में महिला के पास नकद पैसे और छोटे-मोटे गहने थे। जीआरपी ने बताया कि लूट के मकसद से हत्या नहीं हुई है। बुधवार को सूरत-विरार पैसेंजर ट्रेन ५९०३८ में एक महिला की लाश मिली है। महिला की हत्या धारदार हथियार से की गई है। रेलवे पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सूरत-विरार पैसेंजर ट्रेन ६ बजकर ४४ मिनट पर जब वलसाड स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-२ पर पहुंची, तब ड्यूटी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल संदीप सिंह ने महिला की लाश देखी। लाश इंजिन साइड के एसएलआर (दिव्यांग) कोच संख्या ११७१०४ में खून से लथपथ हालत में मिली। यह सूचना स्टेशन मास्टर और जीआरपी वलसाड को दी गई। ड्यूटी स्टाफ ने लोको पायलट से ट्रेन को कुछ देर रुकने के लिए कहा लेकिन तब तक सिग्नल मिल चुका था और ट्रेन वलसाड स्टेशन से रवाना हो गई। ऐसे में जीआरपी की टीम सड़क के रास्ते पारडी स्टेशन पहुंची। ट्रेन को पारडी स्टेशन रोककर लाश को उतारा गया। प्राथमिक जांच में पता चला कि महिला के शरीर छाती, कंधा, पेट, कमर पर कुल ०६ वार हुए हैं। ट्रेन के विरार पहुंचने पर उक्त कोच को जब चेक किया गया तो उसमें धारदार हथियार के अलावा एक लाल रंग की थैली में सोलापुरी चादर, गरम स्वेटर, ट्राउजर पेंट, टी-शर्ट सहित एक पर्स में नकद २००० रुपये मिले। पुलिस का कहना है कि महिला के हाथ मे बच्चुभाई मसेल गुदा हुआ है। रेलवे पुलिस सूत्रों का कहना है कि १२९६० भुज एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल डिब्बे में ७ दिसंबर को एक महिला दरिया शंकर चौधरी (४०) की लाश मिली थी। इस बार भी वारदात को वैसे ही अंजाम दिया गया है। जिन दो महिलाओं की हत्या हुई है, उनकी उम्र लगभग ४०-४२ साल के आसपास ही है।

## पेपरलीक कराने का झांसा देकर छात्रा से किया रेप, गर्भवती होने पर खुला राज

**दिल्ली :** दिल्ली के करोलबाग के देशबंधु गुप्ता रोड इलाके में एक लैब टेक्निशियन द्वारा पेपर लीक कराने का झांसा देकर १४ वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आरोपी हनी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता तिब्बिया कॉलेज परिसर में परिवार के साथ रहती है। ऊपर की मंजिल पर आरोपी हनी भी रहता है। वह करोलबाग स्थित पैथोलोजी सेंटर में लैब टेक्निशियन है। पीड़िता पास के सरकारी स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है। पढ़ाई में कमजोर होने के कारण हनी उसे पढ़ाता था। इसी दौरान आरोपी ने बताया कि प्रश्नपत्र उसके दोस्त की प्रिंटिंग प्रेस में छपता है। इसके बाद उसने पेपर लीक कराने का झांसा देकर छात्रा से जनवरी में दुष्कर्म किया। इस दौरान छात्रा गर्भवती हो गई।

# संक्षिप्त न्यूज

## विवाद में मारपीट, महिला का गर्भपात

**नालासोपारा :** नालासोपारा पश्चिम के टाकीपाडा इलाके में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में एक महिला ने एक गर्भवती महिला के पेट पर लात मार दी। इस विवाद में अधिक चोट लगने के कारण महिला का गर्भपात हो गया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी महिला पर मामला दर्ज कर लिया है। सीनियर पीआई वंसत लब्दे ने बताया कि नालासोपारा पश्चिम के टाकीपाडा स्थित जीएन चॉल निवासी मुमताज रियाज शेख (२०) १७ मार्च की रात ११ बजे मनपा के सार्वजनिक नल पर पानी भर रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाली यास्मीन शेख भी पानी भरने आ गई। पहले पानी कौन भरेगा, इसी बात को लेकर दोनों में बहस हुई। यास्मीन ने उसकी बाल्टी फेंक दी और उसके बाल पकड़कर उसको पीटने लगी, फिर उसके पेट में लात मार दी, जिससे मुमताज का दो महीने का गर्भ गिर गया। परिजन ने पीड़ित महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार को पीड़िता ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

## गुरु नानक कॉलेज में डिग्री वितरण समारोह संपन्न

**मुंबई :** गुरु तेग बहादुर नगर के गुरु नानक कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस ऐंड कॉमर्स, गुरु नानक इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गुरु नानक कॉलेज ऑफ एजुकेशन ऐंड रिसर्च के संयुक्त तत्वाधान में २०१६-१८ सत्र के विद्यार्थियों के लिए डिग्री वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें लगभग ४०० विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। समारोह की प्रमुख अतिथि मुंबई विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. स्नेहलता देशमुख थी। गुरु नानक विद्यक सोसायटी के चेयरमैन सरदार मनजीत सिंह भट्टी ने स्मृतिचिह्न देकर डॉ. स्नेहलता देशमुख का स्वागत किया। इस अवसर पर हरभजन कौर आनंद, रीना ऋषिराज, डॉ. बीना पंजाबी, डॉ. पुष्पेंद्र गुप्ता भाटिया, डॉ. करुणा गुप्ता, डॉ. आरके शैली, डॉ. रामचंद्र नाडार आदि उपस्थित थे।


## ठाणे में 'फागण' की छटा

**ठाणे :** होली के उपलक्ष्य में गुरुवार धूलिवंदन पर १६वें वर्ष राजस्थानी सेवा समिति के नेतृत्व में ठाणे स्थित वेदांत खुला नाट्य मंच वर्तकनगर में 'होली धमाल-२०१९' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में के.सी.मालू के मार्गदर्शन में गायक पवन शर्मा ऐंड पार्टी ने ढप, नगाड़ा और बांसुरी की तान पर कलाकार इंद्रा धावसी ऐंड पार्टी ने मारवाड़ के मशहूर 'फागण' गीत, 'कालबेलिया' नृत्य व कॉमेडी पेश की। नीशू एवं ज्योत्सना ने पारंपरिक राजस्थानी 'फागण' गाकर समां बांधा। राधा-कृष्ण के संग फूलों की होली से कार्यक्रम का समापन हुआ। ऐड.बी.एल.शर्मा ने संयोजन, सुषमा शर्मा ने संचालन किया। महेश जोशी, राजेंद्र दाधीच, दिनेश चौधरी, सुरेश चौधरी, रवि तिवारी, सज्जन शर्मा, कपूर रमावत, लालचंद शर्मा आदि मौजूद थे। संस्थाओं में श्रीसीरवी समाज विकास मंडल, ब्रह्म फाउंडेशन का समावेश था।

## बेमेल ब्लड ग्रुप का किडनी ट्रांसप्लांट

**मुंबई :** आमतौर पर किडनी ट्रांसप्लांट के लिए दोनों व्यक्तियों का ब्लड ग्रुप एक होना चाहिए पर अब बेमेल ब्लड ग्रुप का भी किडनी ट्रांसप्लांट किया जा सकता है। वोकहार्ट अस्पताल में एक ६० वर्षीय व्यक्ति का बेमेल ब्लड ग्रुप होने के बावजूद उसकी किडनी का सफल ट्रांसप्लांट पूरा किया गया। नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉ. एम. एम. बहादुर के नेतृत्व में बेमेल ब्लड ग्रुपवाले मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूरा किया।




# भारतीय जनता पार्टी मुंबई के सचिव मलाड सहकारी बैंक के चेयरमैन वार्ड क्रमांक ४३ कार्य सम्राट नगर सेवक विनोद मिश्रा जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



भारतीय जनता पार्टी मुंबई के सचिव मलाड सहकारी बैंक के चेयरमैन वार्ड क्रमांक ४३ कार्य सम्राट नगर सेवक विनोद मिश्रा जी के जन्मदिन पर हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व्यापारी गण व भारी संख्या में पत्रकार सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण उपस्थित होकर उनका जन्मदिन बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया उपस्थित लोगों ने जहां उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा आप जियो हजारों साल साल के दिन हो पचास हजार जैसे आशीर्वाद दी. श्री मिश्रा ने भारी संख्या में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए आभार माना है उन्होंने कहा है कि जिस तरह से आज आप लोगों ने आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित है, ठीक उसी प्रकार से आप लोग हमें सहयोग करते रहे मार्गदर्शन करते रहें ताकि मैं जनता की सेवा करते हुए पार्टी का नाम और आप लोगों का सम्मान बढ़ाता रहूं

# खुद ही बीमार है भिवंडी का मनपा अस्पताल

**सुरेश वाकडे**

**भिवंडी :** करीब १० लाख की आबादी वाले भिवंडी और आसपास के क्षेत्र को चिकित्सा सुविधा के नाम पर लंबा सफर करना पड़ता है। कारण भिवंडी के सबसे बड़े अस्पताल में सुविधाओं की कमी है। इसी वजह से मुंबई की ओर आने से वहां की जनता को भी दिक्कत होती है और मुंबई के अस्पतालों पर भी बोझ बढ़ता है। भिवंडी मनपा के इंदिरा गांधी मेमोरियल (आईजीएम) अस्पताल को राज्य सरकार द्वारा लगभग छह साल पहले उप-जिला अस्पताल का दर्जा तो दे दिया गया, फिर भी यहां दिक्कतों का अंबार है। मरीजों की बढ़ी संख्या का बोझ और सुविधाओं की कमी के चलते अस्पताल का हाल-बेहाल है। भिवंडी मनपा के इस इकलौते अस्पताल में दवाओं सहित संसाधनों की भारी कमी से लोगों को दिक्कत हो रही है। छोटी-



छोटी बीमारियों से पीड़ित आने वाले लोगों को भी ठाणे सिविल हॉस्पिटल में भेज दिया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों से भी मरीजों के आने के कारण अस्पताल में प्रतिदिन ८०० से १,००० तक ओपीडी मरीजों को देखा जाता है। मात्र १०० बेड का अस्पताल होने के कारण मरीजों का लोड अधिक रहता है।

**डिलिवरी भी अधिक**

ओपीडी की तरह आईजीएम अस्पताल के प्रसूति गृह में भी ठाणे जिला में सबसे अधिक प्रसूति होती है। कभी-कभी यहां सिविल अस्पताल से भी अधिक प्रसूति होती है। यहां के डॉक्टरों के अनुसार प्रतिदिन १५ से २० प्रसूति तक होती है। हालांकि, इस अस्पताल में सबसे अधिक शिकायत भी प्रसूति गृह की ही है। एक स्टाफ ने बताया कि प्रसूति गृह में मेडिसिन एवं डॉक्टरों की भारी कमी है। भिवंडी सोशल सोसायटी के अध्यक्ष हनीफ रमजान ने बताया कि स्टॉफ के दुर्व्यहार के कारण उन्होंने अस्पताल में जाना ही बंद कर दिया है।

**सोनोग्राफी है, लेकिन शुरू नहीं हुई**

यहां के मरीजों को सोनोग्राफी के लिए बाहर के अस्पतालों में भेज दिया जाता था, लेकिन जद्दोजहद के बाद सोनोग्राफी की मशीन लगा दी गई है। इसका उद्घाटन भी कर दिया गया, लेकिन मशीन अभी पूरी तरह से शुरू नहीं हो सकी है, जिसे एक दो हफ्ते में शुरू करने की उम्मीद है।

**आधुनिक शवगृह बनाने की मंजूरी**

भिवंडी शहर के अलावा मुंबई-नासिक महामार्ग सहित ग्रामीण इलाके में भी कोई दुर्घटना होने पर शवविच्छेदन के लिए लाश आईजीएम अस्पताल में ही लाया जाता है। लावारिस लाशों के कारण लाश रखने में भी असुविधा होती है, हालांकि एक साथ १८ लाश रखने वाले शवगृह बनाने की मंजूरी मिल गई है।

# मुंबई में लोकसभा चुनाव की सरगमी बढ़ी

**शिवशंकर तिवारी**

**मुंबई,** प्रमुख राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों की घोषणा के बाद चुनावी माहौल गरमाया अगले महीने २९ अप्रैल को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सम्पन्न होने जा रहे लोकसभा चुनाव की सरगर्मी नगर और उपनगरों में तेज हो गई है।खास बात यह है कि जहाँ एक ओर भाजपा और सेना के उम्मीदवारों के खेमे में चहल पहल मची हुई है वहीं कांग्रेस और राकांपा के उम्मीदवारों की घोषणा के बाद भी वहाँ का माहौल अभी तक निराशाजनक बना हुआ है।हालांकि सोमवार की शाम को जैसे ही मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष पद से संजय निरुपम को हटाकर पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा को दिल्ली में नया मुम्बई अध्यक्ष बनाने की घोषणा हुई उसके बाद से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होता हुआ दिखाई दिया है।इससे अब यह जाहिर हो गया है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच निरुपम से कहीं ज्यादा देवड़ा लोकप्रिय होंगे। बता दें कि मुंबई शहर और उपनगर में लोकसभा की कुल छह सीट हैं।वर्ष२०१४के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के दौरान दक्षिण मुंबई से शिवसेना उम्मीदवार अरविंद सावंत ने मिलिंद देवड़ा को हराया था।जबकि दक्षिण मध्य मुम्बई लोकसभा सीट से राहुल शेवाले ने कांग्रेस उम्मीदवार एकनाथ गायकवाड़ को पराजित किया था।इसी तरह उत्तर मध्य मुंबई में भाजपा की उम्मीदवार पूनम महाजन ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रिया दत्त को हराया था।वहीं उत्तर पूर्व मुंबई में भाजपा उम्मीदवार किरीट सोमैया ने राकांपा प्रत्याशी संजय दीना पाटिल को हराया था।जबकि उत्तर पच्चिम मुम्बई में सेना प्रत्याशी गजानन कीर्तिकर ने कांग्रेस के गुरूदास कामत को तो वहीं उत्तर मुम्बई में गोपाल शेट्टी ने कांग्रेस के संजय निरुपम को हराया था।







मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com